हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 24 जून 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 मां के साथ मारपीट से आक्रोशित बेटे ने की पिता की हत्या, शव को बोरे में भरकर फेंका



## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज आडिटोरियम में संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 को

**अम्बिकापुर।** कौशल विकास, तकनीकी एवं रोजगार विभाग के मार्गदर्शन में जिला रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 27 जून को राजीव गांधी पीजी कॉलेज के आडिटोरियम में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि एवं नियोक्ता शामिल होंगे तथा अभ्यर्थियों से रूबरू होकर उनकी योग्यता के अनुसार विभिन्न पदों पर चयन करेंगे। मेला में निजी कंपनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर 2000 से अधिक पदों पर नियुक्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। युवाओं को अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### ओवररेट पर शराब का विक्रय आबकारी उप निरीक्षक निलंबित

**अंबिकापुर।** शहर के बौरीपारा स्थित कम्पोजिट विदेशी शराब दुकान में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने के आरोप में आबकारी आयुक्त ने आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले में आयुक्त जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बौरीपारा मदिरा दुकान में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान छद्म ग्राहक के माध्यम से मदिरा का क्रय क्र सत्यापन एकराय गया। जांच के दौरान कार्यरत विक्रयकर्ता नरेंद्र कुमार यादव द्वारा 20 पाव गोल्डन गोवा व्हिस्की को शासन द्वारा निर्धारित 24 सौ रूपए की जगह 25 सौ रूपए में विक्रय करना पाया गया। अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने कम्पोजिट अंग्रेजी शराब दुकान आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता के प्रभार क्षेत्र में आने के कारण कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए आबकारी आयुक्त ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त संभागीय उड़न दस्ता कार्यालय सरगुजा निर्धारित किया गया है।

### बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागे 11 अपचारी बालक

**अंबिकापुर।** शहर के बाल सम्प्रेक्षण गृह से एक बार फिर से अपचारी बालकों के भागने का मामला सामने आया है। बारिश के दौरान लाइट गोल होने का फायदा उठाकर अपचारी बालकों ने खिड़की तोड़कर फरार हो गए। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई थी। इस दौरान बाल सम्प्रेषण गृह में अपचारी बालक खाना खाने के बाद बैठे थे और कुछ लोग टीवी देख रहे थे। बारिश के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर बाल सम्प्रेक्षण गृह का खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक फरार हो गए। इस दौरान दो सुरक्षा कर्मी बाहर तैनात थे लेकिन अपचारी बालक उन्हें चकमा देने में कामियाब रहे। सम्प्रेक्षण गृह के हाउस फादर मनीष कुशवाहा के अनुसार भागने वालों में हत्या, दुष्कर्म और चोरी के आरोपी शामिल है। आरोपी कोरिया, सूरजपुर और सरगुजा जिले के रहने वाले है। सम्भावना जताई जा रही है कि इनमें से एक अपचारी बालक के खिलाफ शहर में कई अपराध दर्ज है और उसके द्वारा ही शेष अन्य को बहकाया गया होगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्ति मुख्यमार्ग पर सोमवार को एक ट्रैक्टर चालक ने एक एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में लिया जिससे युवक मौके पर ही मौत हो गई। घटना उरगा थाना क्षेत्र के तिलकेजा और आमापाली गांव के बीच की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक्टिवा सवार युवक कोरबा की ओर से आ रहा था।

# मछली पकड़ने के दौरान बांध में पलटी नाव, तीन ग्रामीण डूबे, दो का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बतरा स्थित सिंचाई बांध में दो नाव से मछली पकड़ने पहुंचे ग्रामीणों की नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 6 ग्रामीण तैरकर बाहर निकल गए जबकि शेष 3 ग्रामीण बांध में डूब गए। सूचना पर करंजी पुलिस एवं डीडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को लापता लोगों को तलाशने पूरे दिन रेस्क्यू अभियान चलाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बतरा बांध में मछली पालन का ठेका ग्रामीणों की सहकारी समिति को प्रदान की गई है। बरसात को देखते हुए प्रशासन द्वारा मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। समिति पूर्व में भी बांध की मछली पकड़ने के लिए ग्रामीणों को बुलाती थी। भैयाथान सहित आसपास के 9 ग्रामीण बीती रात 2 बजे नाव लेकर बांध में मछली पकड़ने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि प्रशासनिक रोक के बावजूद समिति द्वारा ग्रामीणों को रात में मछली पकड़ने के लिए बुलाया गया था ताकि प्रशासन को इसकी सूचना नहीं मिल सके। बांध में मछली पकड़ने के लिए जाल डालने के बाद दोनो नाव पर सवार ग्रामीण उसे खींच रहे थे। एक नाव पर 5 जबकि दूसरी नाव पर 4 ग्रामीण सवार थे। जाल खींचने के दौरान दबाव बढ़ने से दोनों नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान मछली पकड़ रहे लालजी, विजय प्रसाद, वेद कुमार, कामेश्वर, होल्डर एवं राजकुमार तो तैरकर बाहर निकल गए लेकिन ग्राम राई निवासी समयलाल, जगलाल एवं ग्राम ऊंचडीह निवासी कवलसाय डूब गए।

इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बांध में डूबते हुए देखा भी लेकिन गहरा पानी होने के कारण उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं जुटाई। सुबह परिजन पुलिस को सूचना देने के साथ ही घटनास्थल पर पहुंचे। करंजी पुलिस ने स्थिति से डीडीआरएफ को अवगत कराया। पुलिस एवं डीडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया।

**रात 2 बजे 9 ग्रामीण बतरा बांध में गए थे नाव से मछली पकड़ने**

**दो के मिले शव**

कड़ी मशक्कत के बाद डीडीआरएफ की टीम ने पहले समय लाल पिता कवल साय (46वर्ष) का शव निकाला। कुछ देर बार जगलाल पिता सूख पैकरा (45वर्ष) का शव बरामद हुआ। अभी ऊंचडीह निवासी कंवल साय पिता पूवपूजन (50वर्ष) की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। डीडीआरएफ की टीम लापता कंवलसाय को तलाश रही है।



## अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी केन्द्रीय उड़नदस्ता टीम

# खनिज विभाग के सैनिक से रेत माफिया ने की मारपीट, गांधी चौक से जब्त टीपर लूटकर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सरगुजा में रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि वे अब खनिज विभाग की टीम पर ही हमला कर रहे है। अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची केन्द्रीय उडनदस्ता टीम के सैनिक पर माफियाओं ने बीच गांधी चौक पर हमला लिया। माफियाओं ने सैनिक के साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देकर अवैध रेत लोड टीपर वाहन को लेकर फरार हो गये। इस घटना के बाद विभाग के साथ ही जिलेभर में हड़कंप मच गया है। मारपीट में घायल नगर सैनिक ने घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चालक और क्लीनर पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने के साथ ही टीपर वाहन को जब्त कर लिया है।

बता दें कि सरगुजा में प्रतिबंध के बाद भी रेत उत्खनन और परिवहन का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। एनजीटी के गाइड लाइन के अनुसार 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर रोक है। इसके साथ ही हाल ही में कोरिया जिले में कोरिया जिले में रेत माफियाओं के बीच हुए संघर्ष में तीन लोगों की हत्या कर दी है। तीन हत्याओं का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। यही वजह है कि सरगुजा में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने के लिए रायपुर खनिज शाखा से केन्द्रीय उड़नदस्ता की टीम जिले में पहुंची हुई थी। टीम ने 22 जून को क्षेत्र के अलग अलग घाटों से चार टीपर को जब्त किया था। इन टीपर से रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जब्त किए गए एक रेत लोड टीपर को लेकर रायपुर खनिज शाखा में पदस्थ नगर सैनिक तिल्दा खरोरा महोदी निवासी तारकेश्वर वर्मा आ. रामाधार वर्मा लेकर वाहन के चालक सोनू टोप्पो व खलासी के साथ लेकर कलेक्टोरेट परिसर जा रहा था ताकि जब्त किए गए वाहनों को सुपुर्द किया जा सके। कलेक्टोरेट जाते समय वाहन चालक ने सैनिक को धमकी दी थी कि मालिक उसे मारकर फेक देगा। इस दौरान देर शाम गांधी चौक पर जब्त किए गए टीपर के वाहन स्वामी लड्डन खान ने अपने लोगों के साथ वाहन का पीछा कर बीच गांधी चौक पर रोक लिया।



जब्त वाहन, इनसेट में गिरफ्तार किए गए आरोपी।

**वाहन से उतारकर की मारपीट, अपराध दर्ज**

रेत माफियाओं ने गांधी चौक के सिग्नल पर जब्त किए गए रेत लोड टीपर को रोककर सैनिक तारकेश्वर वर्मा के साथ जमकर गाली गलौज की और जबरन उसे वाहन से नीचे उतार लिया। आरोपियों ने सैनिक की वर्दी फाड़ने की कोशिश की। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देकर सैनिक के साथ मारपीट की और उसके बाद चालक सोनू टोप्पो जब्त किए गये टीपर को लेकर फरार हो गया। इस घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही सैनिक तारकेश्वर वर्मा की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में टीपर चालक सोनू टोप्पो, वाहन मालिक लड्डन खान, खलासी समेत पांच लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 221, 121(1), 132, 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

**चालक और क्लीनर पिता-पुत्र गिरफ्तार**

खनिज विभाग के नगर सैनिक से मारपीट और जब्त किए गए वाहन को लूटने की घटना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। गांधीनगर पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही थी। इस दौरान थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए टीपर चालक सूरजपुर जिले के जयनगर सिलफिली पहाड़गांव निवासी 35 वर्षीय धनसिंह टोप्पो आ. रामजी टोप्पो व पुत्र 19 वर्षीय सोनू टोप्पो आ. धनसिंह टोप्पो गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया रेत लोड वाहन जब्त करने के साथ ही मुख्य आरोपी लड्डन खान की घटना में प्रयुक्त थार कार को जब्त किया है जबकि लड्डन खान समेत तीन आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, एसआई दिलीप दुबे, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक रमन मंडल, राहुल सिंह, अमन पुरी, मनीष सिंह, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

**पकड़े गए है दो आरोपी**

खनिज विभाग के सैनिक से मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई है। इस मामले में चालक और क्लीनर को गिरफ्तार करने के साथ ही रेत लोड वाहन और घटना में प्रयुक्त लड्डन खान के कार को जब्त किया गया है। शेष आरोपी भी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी



# डायल 112 के आरक्षक व चालक पर हमला करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस, सड़क दुर्घटना में घायलों को लेने गई टीम पर किया था जानलेवा हमला

सड़क दुर्घटना में घायलों को लेने गई डायल 112 की टीम पर जानलेवा हमला करने और आरक्षक व चालक के साथ मारपीट करने के मामले में आखिरकार पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में कुल आठ आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का जुलूस निकाल और पैदल नगर भ्रमण के बाद न्यायालय में पेश किया जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि 19 जून की रात 11 बजे प्रतापपुर-सेमरसोत रोड पर ग्राम खजुरी में सड़क दुर्घटना की सूचना डायल 112 की टीम को मिली थी। इस घटना में बाइक सवार चार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए थे जिससे उनमें से तीन की मौत हो गई थी जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने सड़क पर पड़े दो लोगों को पहले अस्पताल पहुंचाया गया था लेकिन जब डायल 112 में पदस्थ आरक्षक निशांत टोप्पो और चालक विजय कुमार पटेल पुनः दो अन्य घायलों को लेने पहुंचे तो ग्राम खजुरी रामपुर मुख्यमार्ग पर मौजूद आठ लोगों ने उन्हें घेर लिया और देर से आने का आरोप लगाकर विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान आरक्षक ने उन्हें बताया भी कि इससे पहले उन्होंने दो अन्य घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन वे नहीं माने और उन्होंने आरक्षक निशांत टोप्पो आ.पी टोप्पो व चालक विजय कुमार पटेल पर हमला कर लिया। आरोपियों ने आरक्षक निशांत टोप्पो की वर्दी फाड़ दी और उसके छाती पर बैठकर बेरहमी से पीटा जबकि विजय कुमार पटेल को जमकर पीटा। आरोपियों ने दोनों के साथ लात-मुक्कों से मारपीट की। इस घटना का वीडियो बन गया। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हडकंप मच गया। आरक्षक की शिकायत पर प्रतापपुर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा धारा 296, 115(2), 221, 132, 121(1), 191(2), 190 के तहत अपराध दर्ज किया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

**जुलूस निकालकर सिखाया सबक**

पुलिसकर्मी से मारपीट के मामले में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने के साथ ही प्रतापपुर बैकोना निवासी 23 वर्षीय मुकेश पैंकरा आ. मोहरलाल, 19 वर्षीय प्रकाश पैंकरा उर्फ जीरा आ. महेन्द्र, 21 वर्षीय करमसाय पैंकरा आ. गणेश, 27 वर्षीय नरेश पैंकरा आ. धरमकुमार,30 वर्षीय शिवसागर पैंकरा आ. प्रेमसाय, 20 वर्षीय अभय पैंकरा आ. संतोष, 32 वर्षीय पारसनाथ पैंकरा आ. प्रेमसाय व 26 वर्षीय रामकेवल पैंकरा आ. रामबली को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का नगर में पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपियों से पुलिस ने कहलवाया कि पुलिस से जो टकराएगा वो चूर-चूर हो जाएगा। जुलूस निकालकर पुलिस पर हमला करने वालों को सबक सिखाया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया।

**आगजनी ने मामले में भी कार्रवाई**

सड़क दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने खड़े ट्रक को भी आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में ट्रक मालिक द्वारा प्रतापपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने ट्रक जलाने के मामले में भी बीएनएस की धारा 324(5) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने 23 वर्षीय मुकेश उर्फ सीजय पैंकरा आ. मोहरलाल पैंकरा व 25 वर्षीय दिपेश पैंकरा आ. देवधारी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रतापपुर नरेन्द्र सिंह, पीएसआई सम्पत कुमार व विकास गजेन्द्र, एएसआई विरेन्द्र यादव, राजेश यादव, बजरंगी लाल चौहान, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र भगत, रविशंकर चौबे, अलबिनुस तिर्की, विनोद परीड़ा, आरक्षक भीमेश आर्मो, राजकुमार पासवान, राजेश तिवारी, प्रकाश साहू, अपील चौधरी व निरंजन एक्का सक्रिय रहे।

# महिला आयोग ने जन सुनवाई में किया 15 प्रकरणों का निराकरण

- दांपत्य संबंध सुधारने के निर्देश, भरण-पोषण राशि तय

**अम्बिकापुर।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता संभाग अंतर्गत सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के कुल 32 प्रकरणों की संयुक्त जनसुनवाई आयोजित की गई। यह प्रदेश स्तर की 402वीं एवं जिला स्तर की 11वीं सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान 15 प्रकरणों का निराकरण करते हुए आवश्यक निर्देश एवं अनुशंसाएं जारी की गईं। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में पति-पत्नी के वैवाहिक संबंधों में सुधार लाने के लिए आयोग ने अनावेदक चिकित्सक (डॉक्टर) को सख्त हिदायत देते हुए नियमित रूप से सखी वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित होने के निर्देश दिए। आयोग ने पति को अपनी पत्नी को प्रतिमाह 20 हजार रुपये भरण-पोषण राशि देने तथा पारिवारिक संबंधों में सुधार लाने के लिए आवश्यक प्रयास करने को कहा। इस प्रकरण की एक वर्ष तक नियमित निगरानी सखी वन स्टॉप सेंटर अम्बिकापुर द्वारा की जाएगी। एक अन्य मामले में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर पक्षकारों को तहसील कार्यालय बतौली में खाता पृथक्करण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी गई। वहीं पारिवारिक विवाद से जुड़े एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों को आपसी ⏭ शेष पेज 4 पर



**एसडीओ के निलंबन की अनुशंसा**

सुनवाई के दौरान कृषि विभाग से जुड़े एक गंभीर प्रकरण में महिला कर्मचारियों ने प्रभारी एसएडीओ पर कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार, अभद्र व्यवहार एवं अनावश्यक मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एसएडीओ विनायक पाण्डेय के तत्काल निलंबन की अनुशंसा की है। साथ ही उपसंचालक कृषि, अम्बिकापुर को विभागीय जांच कर दो वेतनवृद्धियां रोकने संबंधी कार्रवाई करते हुए दो माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि महिलाओं को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण किया जा रहा है।

## हंगामे के बीच पूरी की गई जन सुनवाई की प्रक्रिया, शेष तीन खदानों के लिए भी होनी है सुनवाई

# बॉक्साइट खदान के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में बॉक्साइट खदान खोलने को लेकर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुनवाई पूरी की गई। खदान खोलने को लेकर जन सुनवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भारी विरोध दर्ज कराया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियो ने खदान खोलने के विरोध में अपना पक्ष रखा और जल जंगल जमीन के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ने की बात कही।

बता दें कि मैनपाट क्षेत्र में सीएमडीसी को चार बॉक्साइट खदानों का आबंटन किया जाना है। मैनपाट क्षेत्र के नर्मदापुर-कुनिया बाक्साइट खदान 139.500 हेक्टेयर, 79.190 हेक्टेयर में प्रस्तावित पथरई-लुरैना बॉक्साइट खदान, 147.625 हेक्टेयर में प्रस्तावित बॉक्साइट खदान के साथ ही सरभंजा में 207.870 हेक्टेयर में बॉक्साइट खदान की स्वीकृति दी गई है। इन खदानों से ही बॉक्साइट उत्खनन के लिए 23 जून से जन सुनवाई का आयोजन किया गया है। मंगलवार को मैनपाट के तहसील कार्यालय नर्मदापुर के सामने जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को ही विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा था और खदान खोलने को लेकर अपना विरोध जताया था। मंगलवार को सुबह से ही जनसुनवाई के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचने लगे थे। इस दौरान ग्रामीणों को आदिवासी नेता भानु प्रताप सिंह व पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का भी समर्थन मिला। उन्होंने क्षेत्र में खदान खोलने का विरोध जताते हुए कहा कि नई बॉक्साइट खदानों से मैनपाट को भारी नुकसान पहुंचेगा। उत्खनन से क्षेत्र के जंगल नष्ट होंगे, पानी का स्त्रोत खत्म हो जाएगा। लगातार उत्खनन से क्षेत्र में पहले ही पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है और तापमान पहले से गर्म है। अब फिर से खदान खोलने से मैनपाट का भविष्य संकट में आ जाएगा। विदित हो कि 24 जून को शासकीय प्राथमिक शाला पथरई के प्रांगण, 1 जुलाई को कमलेश्वरपुर हाई स्कूल परिसर, 2 जुलाई को माध्यमिक विद्यालय सरभंजा में शेष खदानों के लिए सुनवाई होनी है।



**नियम प्रक्रिया का नहीं हो रहा पालन : भानु**

विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे आदिवासी नेता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भारत सरकार पंचायत विभाग के संयुक्त सचिव के पत्र के अनुसार पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में माइनिंग की अनुमति नहीं है। पहले खनिज 5वीं अनुसूची क्षेत्र के बाहर से करना है और जब सभी स्थान से खनिज खत्म जो जाए तो नियम प्रक्रिया का पालन करते हुए 5वीं अनुसूची क्षेत्र में खनन करना है। मैनपाट भी 5वीं अनुसूची क्षेत्र में आता है लेकिन यहां जन सुनवाई गैर कानूनी तरीके से हो रही है जबकि यहां भूमि का अधिग्रहण नियम प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। 5वीं अनुसूची क्षेत्र में नियम का पालन नहीं करने पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैनपाट में कंपनी और उद्यमियों की बात सुनी जा रही है लेकिन मूल निवासियों की कोई सुनवाई नहीं है। यहां ग्राम सभा का प्रस्ताव भी पास नहीं है जबकि यहां पेशा कानून लागू है। हिन्दुस्तान का कानून कहता है कि खनिज की आवश्यकता है तो पहले ग्रामीणों को राजी किया जाए और ग्राम सभा से प्रस्ताव पास किया जाए उसके बाद ही खनिज निकल सकता है। भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हम मैनपाट को बचाने के लिए काम कर रहे है, बॉक्साइट निकलने से यहां किसी का विकास नहीं हो रहा लेकिन पर्यटन से विकास होगा। हमारी मांग है कि हमारी जल, जंगल जमीन को सुरक्षित रहने दिया जाए।

**किया जाएगा निराकरण**

खदान के लिए जन सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कुछ लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है जिसका निराकरण किया जाएगा।

-**फागेश सिन्हा**, एसडीएम सीतापुर

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में खराब आरओ, मरीज परेशान



**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में भर्ती मरीजों और उनके परिजन को शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगाए गए आरओ लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल परिसर में मरीजों एवं परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लाखों रुपये खर्च कर आरओ लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान में कई आरओ बंद पड़े हैं। इसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को बाहर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए, पेयजल सबसे जरूरी सुविधा है, लेकिन खराब पड़े आरओ को सुधारने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

### नैनो उर्वरकों से बदलेगी खेती की तस्वीर

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ नैनो उर्वरकों जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव अब किसानों की खेती में दिखाई देने लगा है। कोरिया जिले के ग्राम मनसुख निवासी किसान छत्रपाल साय भी आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। लगभग 17 एकड़ भूमि में धान की खेती करने वाले छत्रपाल साय ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में इस वर्ष अपनी फसल में नैनो यूरिया के उपयोग का निर्णय लिया है। उन्होंने सहकारी समिति से आवश्यक खाद एवं नैनो उर्वरक प्राप्त किए हैं और बेहतर उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं। छत्रपाल साय का मानना है कि नैनो उर्वरक खेती को अधिक वैज्ञानिक, किफायती और प्रभावी बनाते हैं। उनके अनुसार नैनो यूरिया फसलों को आवश्यक पोषक तत्वों की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करता है, जिससे पौधों की वृद्धि और विकास में सुधार होता है।

### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर श्री क्षितिज वर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अनुपम तिवारी, लीड बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

# नौगई जघन्य हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 12 पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में कोरिया पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

■ हत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी

विदित हो कि 16 जून की रात सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इस दौरान भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों ने फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिसमें वाहन सवार लोग बुरी तरह झुलस गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इससे पहले चार आरोपियों अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी सहित निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी और आशुतोष त्रिपाठी ने मनेन्द्रगढ़ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद 23 जून को अब तीन अन्य आरोपियों अनिल तिवारी, मनीष त्रिपाठी और जितेंद्र त्रिपाठी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर घटना की पूरी पृष्ठभूमि, साजिश और अन्य जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।



नौगई हत्याकांड के फरार 4 आरोपियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### प्रदेश में चर्चा का विषय बना हत्याकांड

नौगई में हुआ यह घटनाक्रम जिले के सबसे जघन्य मामलों में शामिल हो गया है। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी आक्रोश जताया रहे हैं। अब पुलिस की आगे की विवेचना और आरोपियों से पूछताछ पर सभी की नजरें लगातार टिकी हुई हैं।

### पूर्व सीएम आज बैकुंठपुर में मिलेंगे पीड़ित परिवार से



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 24 जून को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नौगई कांड में मृतक स्व. भरत सिंह के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को कार से बिलासपुर से रवाना होकर दोपहर करीब 1:30 बजे बैकुण्ठपुर पहुंचेंगे। यहां वे महलपारा स्थित स्व. भरत सिंह के निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 1:45 बजे बैकुण्ठपुर से रवाना होकर दोपहर 2 बजे ग्राम खरवत पहुंचेंगे, जहां जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश राजवाड़े के निवास पर मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे अमरकंटक के लिए रवाना होंगे।

### 9 आरोपियों पर दर्ज हुआ था मामला

सोनहत पुलिस ने इस मामले में शुरुआत में कुल 9 नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 109, 190, 191(2), 191(3), 324 और 326(जी) के तहत अपराध दर्ज किया था। जांच के दौरान अन्य आरोपियों के नाम सामने आने पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

# बाजार भूमि पर अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के चिरमी इलाके के खंधौरा बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को यहां के ग्रामीणों ने कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार स्थल पर अवैध कब्जे बढ़ने से व्यापारियों सहित छोटे-बड़े किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम खंधौरा निवासी चोलेश्वर, शंकर सिंह, अयोध्या सिंह, बैजनाथ सिंह, हाकिम चंद्र सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम खंधौरा की बाजार भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे बाजार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बाजार भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर कोई गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### 3 बार दे चुके हैं आवेदन

ग्रामीणों ने बताया कि बाजार स्थल पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर पहले भी तीन बार कलेक्टर के नाम आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाएं भी कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और जल्द कार्रवाई की मांग की।

# जज बंगले में चोरी के आरोपी पकड़े गए

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित सिविल लाइन आवासीय परिसर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोबाइल, घड़ी और आईपेड सहित करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का सामान बरामद किया है। मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते 4 जून को न्यायाधीश श्रीमती प्रेरणा अहिरे के आवास से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल, आईपेड, घड़ी सहित अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। चोरी गए सामान में सोने और हीरे का ब्रेसलेट, सोने के झुमके, टॉप्स, अंगूठियां, चांदी के आभूषण, चार मोबाइल फोन, आईपेड, घड़ियां एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी शामिल थी। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 9 लाख 7 हजार रुपये बताई गई थी। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 177/26 के तहत धारा 331(4), 305(ए), 62, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे के निर्देशन एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। घटनास्थल से मिले सफेद रंग के जैकेट को भी महत्वपूर्ण सुराग के रूप में जब्त किया गया। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सूरजपुर जिले निवासी तीन नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने नाबालिगों के पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल, नारजो कंपनी का मोबाइल, दो घड़ियां और एक आईपेड टैबलेट सहित करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का सामान बरामद किया है। तीनों किशोरों को 18 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं प्रकरण के दो आरोपी ऋषभ उर्फ रिशु यादव और आयुष रजक फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेश तिवारी, उप निरीक्षक महेश कुशवाहा, आरक्षक समीर जायसवाल, दिनेश उईके सहित साइबर सेल बैकुण्ठपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




■ एसपी कार्यालय के सामने सिविल लाइन आवासीय परिसर में हुई थी चोरी

# तीन साल में पहली बार कल लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र संबंधी सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जून गुरुवार को ग्राम पंचायत पोंड़ी स्थित सर्व आदिवासी भवन में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे

शिविर में 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के नवीन एवं नवीनीकरण दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे। संभवतः यह शिविर 3 साल में पहली बार लगेगा। इसके लिए कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने पहल करते हुए निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शिविर तहसील पोंड़ी-बचरा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोजित किया जा रहा है। शिविर को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सहमति प्रदान की गई। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य प्रातः 10 बजे से उपस्थित रहेंगे तथा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र जारी की जाएगी।

### चिकित्सकों को विशेष ध्यान देने की जरुरत

जिले में लगने वाले दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र संबंधी सुविधा शिविर में चिकित्सकों की टीम को विशेष ध्यान देना होगा ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी वाले प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके, क्योंकि प्रदेश में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त होने की शिकायत आए दिन मिल रही है, ऐसे में डॉक्टरों की जिम्मेदारी है कि वे नियम के अनुसार ही सर्टिफिकेट बनाएं साथ ही जरूरत व पात्र हितग्राहियों का चयन संवेदनशीलता के साथ करें।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

# अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

जिले के बिजुरी पुलिस ने चोरी एवं लूट की वारदातों में संलिप्त एक अंतर्राज्यीय शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई रकम का अधिकांश हिस्सा तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के 15 से अधिक मामले दर्ज बताए गए हैं।

■ चोरी की रकम और वाहन बरामद

जानकारी के अनुसार 31 मई को कोठी निवासी रामबहोर साहू ने थाना बिजुरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 मई को बिजुरी अस्पताल के पास खड़ी उनकी मोटरसाइकिल की डिग्गी से अज्ञात व्यक्ति 50 हजार रुपए नकद एवं आवश्यक दस्तावेज चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान संदेही की पहचान ओमप्रकाश सिसोदिया उर्फ बच्चा कंजर निवासी भोलगढ़, अनूपपुर के रूप में हुई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश देती रही। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 22 जून को आरोपी को शहडोल जिले के खमरौत चाका क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बिजुरी थाना क्षेत्र की उक्त चोरी के अलावा रामनगर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### एक पेड़ मां के नाम 2500 पौधे रोपे गए



**मनेन्द्रगढ।** जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत महई में जिला स्तरीय एक पेड़ मां के नाम एवं मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत वृहद पौधरोपण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह श्याम, जिला पंचायत सदस्य उदित नारायण, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, बीडीसी भैया राम, सरपंच बाबू राम, कलेक्टर सुश्री संतान देवी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, एपीओ मो. आरिफ रजा, राज नारायण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 5 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा औषधीय एवं फलदार पौधों का हरित परिसर अभियान के तहत लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में 2500 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें आंवला, हर्रा, बहेरा, जामुन, बेल, अमलतास, करंज, अर्जुन तथा शतावर जैसे औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे शामिल हैं। इन पौधों से भविष्य में न केवल हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि आयुष चिकित्सा पद्धति एवं स्थानीय स्वास्थ्य परंपराओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। पौधरोपण अभियान में लगभग 350 श्रमिकों तथा आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### एमसीबी में नए वृद्धाश्रम का होगा संचालन

**मनेन्द्रगढ।** माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रत्येक जिले में वृद्धाश्रमों की स्थापना एवं संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में वरिष्ठ एवं निराश्रित नागरिकों के लिए 25 हितग्राहियों की क्षमता वाले एक नवीन वृद्धाश्रम की स्थापना हेतु राज्य अनुदान वर्ष 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक अशासकीय संस्था के माध्यम से किया जाएगा।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप



## कलेक्टर ने ओड़गी क्षेत्र में प्रस्तावित पुल, स्कूल भवन एवं पर्यटन विकास कार्यों का लिया जायजा

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने आज ओड़गी क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्रीमती चांदनी कंवर, जनपद सीईओ ओड़गी, तहसीलदार, पीडब्लूडी सेतु के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने महान नदी पर सौहार ग्राम एवं लांजीत ग्राम को जोड़ने के लिए प्रस्तावित पुल स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से नदी के दोनों ओर स्थित गांवों के बीच आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल, बाजार सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इसके पश्चात कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन हायर सेकेंडरी स्कूल लांजीत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुदरगढ़ मंदिर परिसर में ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं अतिथि गृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कुदरगढ़ क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। अदाणी समूह द्वारा क्षेत्र में प्रस्तावित पर्यटन विकास कार्यों एवं विकासात्मक योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

### लोगों ने की मरम्मत कराने की मांग

# एनएच 43 के किनारे लगे अधिकांश स्ट्रीट लाइट एक पखवाड़े से बंद, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

एनएच 43 पर सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण मार्ग के अंधेरा होना है। पिछले एक पखवाड़े से एनएच 43 की अधिकांश स्ट्रीट लाइट बंद है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में बतौली राष्ट्रीय राजमार्ग में लगे स्ट्रीट लाइट शो पीस बना हुआ है। विभाग की उदासीन रवैया और ठेकेदार की मनमानी से लाखों की राशि खर्च करने के बावजूद बतौली नगर में 2 किलोमीटर के दायरे में लगे स्ट्रीट लाइट काम करना बंद कर दिया है।

**खास बात**

- रात के समय आए दिन होती है दुर्घटना, कई लोगों जा चुकी है जान

एनएच 43 सड़क पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस लेकर सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। विद्युत पोल व लाइट लगाने के बाद पिछले साल ही लाइट जलना शुरू हुआ था। कुछ माह तक सड़क लाइट की रोशनी से उजाला था परंतु पिछले एक पखवाड़े से एनएच की अधिकांश लाइट ने काम करना बंद कर दिया जबकि एनएच 43 पर हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है परंतु सड़क किनारे लगाए गए लाइट के बंद होने से शाम ढ़लते ही अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लगभग 60 की संख्या में लगाया गया यह स्ट्रीट लाइट के बुझने से नगर की सुंदरता भी कम हो रही है साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है बरसात के मौसम आते ही स्ट्रीट लाइट दम तोड़ दिया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शांतिपारा से बतौली नगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग 43 संवेदनशील है जहां राहगीरों पर सड़क दुर्घटना के खतरा मंडराते रहता है। शांतिपारा से बतौली के मध्य रिहायशी इलाके होने से आवागमन में भी इजाफा हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कार्यालय, थाना, जनपद कार्यालय होने की वजह से बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना देर रात तक लगा रहता है लेकिन सड़क किनारे लगाए गए स्ट्रीट लाइट के बंद होने से अब स्ट्रीट लाइट महज शो पीस बन कर रह गई है।





बंद स्ट्रीट लाइट।

### लोगों ने की स्ट्रीट लाइट मरम्मत की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर राहगीरों सहित आम लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। एक पखवाड़े से शांतिपारा से बतौली तक की लगभग 60 स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है जबकि दो किमी के बीच शाम ढ़लते ही अंधेरा पसर जाता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत किए जाने की मांग की है जिससे रात के समय दुर्घटना कम हो सके।

### जा चुकी है कई लोगों की जान

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसा हो चुके है जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। हाल ही पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर ट्रक खड़ा कर टायर बदलने के दौरान ही अंधेरा होने से बाइक सवार सीधे ट्रक के पीछे जा टकराया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस प्रकार की घटना एनएच 43 पर आए दिन होती है।

### मरम्मत करने किया जाएगा निर्देशित

एनएच 43 शांतिपारा से बतौली तक की स्ट्रीट लाइट बंद है तो संबंधित विभाग को सुधरवाने के लिए निर्देशित किया जाएगा जिससे एनएच 43 में रात के समय अंधेरा न हो।

**-फगेश सिन्हा**, एसडीएम



## पुलिस ने नशे के विरूद्ध चलाया विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/सलका-अधिना

युवाओं को नशे से दूर रखने, नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में अभियान नवजीवन चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सोमवार थाना भटगांव पुलिस ने स्थानीय एडी जुबली स्कूल में विशेष जागरुकता अभियान का आयोजन किया। पुलिस ने छात्रों से सीधे संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी साथ ही इस बुराई के खिलाफ लड़ाई में उनका सहयोग भी मांगा। विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान देंगे।

- बच्चों ने रंगोली, निबंध व पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक

थाना प्रभारी भटगांव बृजेश सिन्हा ने बेहद सरल भाषा में छात्रों को बताया कि नशा व्यक्ति के दिमाग और शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसकी लत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देती है। नशे की गिरफ्त में आने से पढ़ाई, करियर, पारिवारिक रिश्ते और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक असर पड़ता है, इसलिए नशे से दूरी बनाकर रखे। थाना प्रभारी ने कहा कि नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री, तस्करी या उससे जुड़ी किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो जानकारी दे सकते हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा नशे से दूरी और जागरूकता के लिए आकर्षक व ज्ञानवर्धक जानकारियों को समाहित करते हुए रंगोली, पोस्टर का प्रदर्शन किया एवं निबंध के माध्यम से नशे से बचाव की जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग में प्रथम दुर्गा राजवाड़े, द्वितीय अंश, तृतीय माही सिंह, रंगोली में प्रथम ऋतु राजवाड़े, द्वितीय नंदिनी तिवारी, तृतीय श्रेया मिश्रा, निबंध में प्रथम अंश को थाना प्रभारी के द्वारा मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े, पार्षद लक्ष्मी महतो, पीएसआई कृष्ण भास्कर, अनिमेश दास, एएसआई विवेकानंद सिंह, राजकिशोर खलखो, स्कूल के प्राचार्य लियोस सदोम, शिक्षक, पुलिस कर्मचारी व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## पूजा अर्चना के साथ नपं अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण, केबिनेट मंत्री रही उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष शान्तिनगर निवासी रितेश जायसवाल ने सोमवार को केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में पूजा अर्चना व विधिवत मंत्रोचरण पश्चात अपना पदभार ग्रहण किया,इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नपं अध्यक्ष को क्षेत्र के लोगों हेतु विकास की नई गति प्रदान करने संकल्पित किया,तत्पश्चात उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया, पदभार ग्रहण करने दौरान केबिनेट मंत्री के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली सोनी, भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, मनी बग्गा, बल्लु गोयल, शितिकान्त स्वाई, अनूप सिन्हा, दीपक सिंह, दिपेन्द्र चौहान, अमित मित्तल, अमरलाल साहू, श्यामू साहू, अनीता सिंह व अन्य मौजूद रहे।



## नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि 22 जून को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष को ग्राम झूमरपारा करंजी निवासी 28 वर्षीय रमेश सिंह पिता पितांबर सिंह 19 जून को रात्रि 9 बजे घर के पास से जबरन ले जाकर खेत में अनाचार किया एवं धमका कर रात भर अपने साथ रखा, अगले दिन नाबालिग पीड़िता को छोड़ने पर किशोरी घटना के बारे में अपने परिजन को बताई। नाबालिग किशोरी की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 65 (1), 137 (2) बीएनएस एवं पॉकसो एक्ट 2012 की धारा 6 के तहत कार्यवाही करते हुए मंगलवार को आरोपी रमेश सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहाँ से उसे जेल दाखिल करा दिया गया है।उक्त कार्यवाही में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, आरक्षक विकास मिश्रा, इश्तियाक, शोभनाथ कुशवाहा, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।



## प्राकृतिक आपदा में मृतका के वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें तहसील उदयपुर के सायर निवासी रामटहल वैष्णव की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सुखमती वैष्णव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई है।



## खबर संक्षेप



### मातमी पर्व मुहर्रम के लिए किया गया कमेटी का गठन

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मुहर्रम 26 जून को मनाया जाएगा। मुहर्रम के दौराम मातमी जुलूस व अन्य आयोजनों को लेकर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में बैठक का आयोजन कर मुहर्रम कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान मातमी पर्व को अदब व एहतराम के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मुहर्रम कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष इरशाद खान उर्फ पिंटू, कार्यकारी अध्यक्ष मुजीबूल खान बरेजपारा, सह-कार्यकारी अध्यक्ष सद्दाम खान मोमिनपुरा को नियुक्त किया गया। बैठक में शहर की 12 मजहबी इदारों के जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी अपनी सहमति प्रदान करते हुए नई कमेटी के गठन का स्वागत किया। बैठक में यह तय किया गया कि इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व पूरी अकीदत, अदब और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। जुलूस को बेहतर एवं सुव्यवस्थित तरीके से निकालने, समय की पाबंदी रखने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही लंगर एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, समाज के युवाओं एवं जागरूक नागरिकों के सहयोग से इस मुबारक मौके को बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारे, अनुशासन और मोहब्बत के साथ मोहर्रम की सभी गतिविधियों को संपन्न कराने का निर्णय लिया।

### बड़ी चलगली स्वास्थ्य शिविर में 243 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण



**राजपुर।** विकासखण्ड राजपुर के दूरस्थ ग्राम बाड़ीचलगली में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रमेश जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर में 243 ग्रामीणों का उपचार किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में 10 मौसमी बुखार, 2 उल्टी-दस्त, 5 चर्म रोगी तथा 3 खांसी एवं टीबी के संभावित मरीज चिन्हित किए गए। इसके अलावा 71 लोगों का रक्तचाप, 41 लोगों का शुगर परीक्षण, 57 लोगों की खून की कमी, 7 गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच, 11 बच्चों का कुपोषण परीक्षण, 6 लोगों की मलेरिया जांच तथा 27 लोगों की ओरल हेल्थ जांच की गई। शिविर में 74 लोगों की एनडीसी एवं कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई। इस दौरान डॉ.जायसवाल ने स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन, परिवान नियोजन के साधनों की उपलब्धता एवं उनके उपयोग की जानकारी दी। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को नवजात शिशुओं को स्तनपान के बारे में बताया तथा जन्म के बाद छह माह तक केवल स्तनपान कराने की सलाह दी।

### तलवार लहराकर दहशत फैला रहा युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में मेन रोड पर तलवार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से एक नुकीला धारदार तलवारनुमा हथियार भी जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 जून की दोपहर थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक इगेश्वर यादव को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक-3 स्थित अश्वनी किराना दुकान के सामने एक युवक हाथ में धारदार तलवार लेकर मेन रोड पर घूम रहा है और आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी की और आरोपी को मौके से पकड़ लिया।

## पेज 1 के शेष...

### महिला आयोग ने जन सुनवाई...

समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त करने अथवा न्यायालय का सहारा लेने की सलाह देते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। सुनवाई के दौरान आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में न्यायालय में सुनवाई प्रक्रियाधीन है, उन प्रकरणों में आयोग हस्तक्षेप नहीं करेगा और संबंधित पक्ष विधिक प्रक्रिया अपनाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।एक प्रकरण में लंबे समय से लापता महिला के संबंध में बलरामपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संरक्षण अधिकारी के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य मामले में निजी शिक्षण संस्था से एकतरफा सेवा समाप्त किए जाने की शिकायत पर आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर को आवश्यक कार्रवाई कराते हुए संबंधित महिला को एक वर्ष के वेतन के समतुल्य राहत दिलाने हेतु निर्देशित किया तथा दो माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। सुनवाई के दौरान बीमा दावा लंबित होने के एक मामले में संबंधित बैंक एवं बीमा कंपनी को एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा संरक्षण अधिकारी को इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

## रामानुजनगर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

# मां के साथ मारपीट से आक्रोशित बेटे ने की पिता की हत्या, शव को बोरे में भरकर फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले की रामानुजनगर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। तिवरागुड़ी में बोरी में भरकर मिले शव की पहचान करने के साथ ही पुलिस ने हत्या के मामले में महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मृतका की पत्नी, पुत्र शामिल है। मां के साथ आए दिन की जा रही मारपीट से तंग आकर बेटे ने ही हत्या की और फिर अपने मौसा और दोस्त के स्थ मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया।

**खास बात**

- पुलिस ने मां-बेटे के साथ ही चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

बता दें कि रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम तिवरागुड़ी सरनापारा में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव को बोरी में भरकर फेंका गया था और उसके सिर व शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जांच व कार्रवाई के निर्देश देते हुए टीम का गठन किया था। एएसपी योगेश देवांगन व एसडीओपी प्रेमनगर बेनार्ड कुजूर के नेतृत्व में जांच के दौरान मृतक की पहचान कोरिया बैकुंठपुर के बचरापोड़ी परसापानी चिरमी निवासी शिव प्रसाद के रूप में हुई थी। मृतक की पहचान होने के बाद जब पुलिस टीम मृतक के घर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। मृतक के घर में जगह जगह खून के धब्बे बने हुए थे। ऐसे में पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के पुत्र अमृत लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक शिव प्रसाद आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था। 10 जून को भी पिता शिव प्रसाद सिंह, चाचा देवकुमार व बाबा रमेश पेशी के लिए बैकुंठपुर गए हुए थे और जब शाम को शिव प्रसाद घर आया तो पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया की जब वह बकरी चराकर घर लौटा तो मां बीरा बाई ने बताया कि पिता ने फिर से मारपीट की है। आए दिन मां के साथ मारपीट से आक्रोशित होकर बेटे अमृत लाल ने पिता के हत्या की योजना बना ली। जब मृतक शिवप्रसाद सिंह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए गया तो आरोपी टांगी और लोढ़ा लेकर तैयार हो गया।

पिता के गहरी नींद में जाते ही आरोपी ने पिता के सिर पर टांगी और लोढ़ा से वार कर उसकी हत्या कर दी और फिर उसके मोबाइल फोन को बंद कर सिमकार्ड निकालकर रख लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मां और मौसा के साथ मिलकर बनाई ठिकाने लगाने की योजना

पुलिस के अनुसार आरोपी ने सुबह में अपनी मां बीरा बाई को घटना की जानकारी दी और उसके बाद अपने मौसा हरवंश सिंह को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इस दौरान मौसा हरवंश सिंह ने बताया कि रात को शव को तिरवागुड़ी के तरफ मौजूद बांध में फेंक देंगे किसी को पता नहीं चलेगा। 11 जून की रात जब हरवंश सिंह की बाइक खराब होने के कारण उन्होंने पड़ोसी युवक की बाइक को झूठ बोलकर मांगा जिसके बाद सभी ने मिलकर शव को बोरी में भरकर रस्सी से बांध दिया और बाइक पर लोडकर घर से कुडेली होते हुए तिवरागुड़ी की तरफ निकल गए। इस दौरान बाइक को मौसा हरवंश सिंह चला रहा था लेकिन रास्ते में झरनापारा रोड में कीचड़ होने के कारण बाइक फंस गई जिसके बाद आरोपी अमृत ने अपने दोस्त कौशल उईके को फोनकर बुलाया। इस दौरान उनसे अपने दोस्त को बताया की मौसा के धान बीज लेकर जा रहे थे और गाड़ी खराब हो गई। जब कौशल उइके बाइक लेकर पहुंचा तो आरोपी ने उसे बताया कि वह पिता के शव को ठिकाने लगाने जा रहा है जिसपर कौशल भी सहयोग के लिए तैयार हो गया।

### शव को फेंकर भागे, पत्नी ने की घर की लिपाई

पुलिस ने अनुसार रास्ते से कौशल बाइक चला रहा था जबकि अमृत बीच में बैठा वहीं पीछे शव को मौसा हरवंश सिंह ने पकड़ा था। तीनों बाइक से तिवरागुड़ी पहुंचे जहां बांध की तरफ टॉर्च जलने की रौशनी देखकर तीनों डर गए और शव को पिवरी बांध रोड में तिवरागुडी डांड में फेंकर भाग निकले। इधर घर में फैले खून के धब्बों को महिला ने गोबर से लीपकर मिटा दिया। पुलिस ने मामले में शेष आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने बैकुंठपुर बचरापोड़ी चिरमी परसापानी निवासी 18 वर्षीय वर्षीय अमृत लाल आ. स्व. शिव प्रसाद, 37 वर्षीया बीरा बाई पति स्व. शिव प्रसाद, कोरिया बैकुंठपुर जटासेमर महुआपारा निवासी 19 वर्षीय कौशल सिंह उइके आ. मनबोध उईके व रामानुजनगर थाना अंतर्गत तिवरागुड़ी पंडरीपानी निवासी 35 वर्षीय हरवंश सिंह आ.जयनाथ सिंह को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त लोढ़ा, टांगी, मृतक का मोबाईल, परिवहन में प्रयुक्त 3 बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई बिशुनदेव पैकरा, प्रधान आरक्षक हेमंत सोनवानी, हितेश्वर राजवाडे, आरक्षक दीपक यादव, परदेशी चंद्रा, युवराज यादव सक्रिय रहे।



## नृशंस हत्याकांड की एसआईटी का गठन कर की जाए निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरिया सोनहत के नौगाई में हुए तीन लोगों की बेरहमी से हत्या करने के मामले में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मंगलवार को आईजी से मुलाकात की। इस दौरान समाज के लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने आईजी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

इस दौरान समाज के लोगों ने बताया कि यह घटना अत्यंत गंभीर एवं हृदयविदारक है जिसमें भरत सिंह लल्ला, नागेंद्र सिंह एवं वीरेंद्र सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसके साथ ही घटना में मयंक योगेन्द्र सिंह एवं योगेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह घटना सुनियोजित पड्यंत्र, मार्ग अवरोध कर वाहन में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने तथा उसके उपरांत घातक हथियारों से हमला किए जाने से संबंधित प्रतीत होती है। इस घटना से न केवल पीड़ित परिवार बल्कि सम्पूर्ण समाज में भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने आईजी दीपक झा को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि इस घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाए। यदि जांच के दौरान नामजद आरोपियों के अतिरिक्त अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाए। जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि घटना स्थल से जब्त अन्य वाहनों एवं उनसे संबंधित व्यक्तियों की भूमिका क्या रही तथा आवश्यक होने पर उनकी भी जांच की जाए। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा जांच या कथन में जातिसूचक, पक्षपातपूर्ण अथवा अनुचित व्यवहार किया गया हो तो उसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार एवं गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार का दबाव, भय अथवा प्रभाव न पड़े। प्रकरण की जांच एवं कार्रवाई की प्रगति से पीड़ित पक्ष को नियमानुसार अवगत कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि सभी आरोपी स्थानीय निवासी हैं, अतः निष्पक्ष जांच, गवाहों एवं पीड़ित पक्ष की सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के स्थानीय प्रभाव, दबाव अथवा प्रकरण को प्रभावित किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए सक्षम न्यायिक एवं प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा आरोपियों को आवश्यकतानुसार अन्यत्र स्थित केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया जाए। समाज के लोगों ने यथाशीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान महासभा के सचिव अरुण सिंह, अशोक सिंह, विवेक सिंह, रवि सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## आदिवासी भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग प्रदेश उपाध्यक्ष उदय कुमार पण्डो के नेतृत्व में समाज के ग्रामीणों ने बलरामपुर को ज्ञापन सौंप ग्राम सनावल में अवैध कब्जा रोकने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार ग्राम कामेश्वर नगर निवासी रामज्ञान पच्ची रामवृक्ष पच्ची की पुश्तैनी भूमि खसरा नं.441 रकबा 0.45 हेक्टेयर पर शिवशंकर साव व मुन्ना साव द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भूमि पर आदिवासी परिवार का हैण्डपंप व मकान-बाड़ी भी है। अनावेदकों द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर पट्टा बनवाया गया है। उदय कुमार पण्डो ने बताया कि संविधान की पांचवी अनुसूची एवं छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना गैर आदिवासी को हस्तांतरित नहीं हो सकती। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अतिक्रमण पर रोक लगाने एवं भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है। इस दौरान हंसराज नेताम, दयाशंकर उईके, रामदेव सिंह, रामाशंकर सिंह, महेंद्र आयाम, देवनारायण पण्डो आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ महोत्सव 29 एवं 30 को कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आषाढ़स्य प्रथम दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामगढ़ महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत ने विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन परिपथ स्थल एवं विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला रामगढ़ पहुंचकर तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया।

उन्होंने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रामगढ़ महोत्सव 2026 का आयोजन आगामी 29 एवं 30 जून को दो दिवसीय आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कलाकारों, पर्यटकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने हेलीपैड, मुख्य मंच, पार्किंग व्यवस्था, पंडाल, बैठक व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए विभागवार दायित्वों का निर्धारण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोजन के सफल संचालन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, लोनिवि ईई वीरेंद्र चौधरी, एसडीएम रामराज सिंह, उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर पेंशनर महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने सरगुजा कलेक्टर को पेंशन निर्धारण एवं पेंशन भुगतान किए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पेंशनर महासंघ ने आग्रह किया है कि 31 दिसम्बर 1988 के पूर्व नियुक्त दैनिक वेतन भोगी एवं कार्यभारित कर्मचारियों की सेवाओं को स्थापना काल से अहर्तादायी सेवा मानते हुए पेंशन निर्धारण एवं पुनर्निधारण की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। ऐसाहोने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न्याय मिलेगा। जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में इस संबंध में अपेक्षित गति से कार्यवाही नहीं होने से पात्र पेंशनरों को लाभ मिलने में विलम्ब हो रहा है। अधिकांश पेंशनर वरिष्ठ नागरिक हैं तथा लम्बे समय से अपने मिलने वाले वैधानिक लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सौंपे ज्ञापन में पेंशनर महासंघ ने पेंशनरों के हित में कलेक्टर से मांग की है कि जिले के समस्त विभाग प्रमुखों एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया जाए कि पात्र कर्मचारियों के प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर पेंशन पुनर्निधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। जिले में लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु विशेष बैठक आयोजित की जाए। प्रत्येक विभाग से लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाये। पात्र पेंशनरों को अनावश्यक कार्यालयीन कठिनाईयों से बचाने हेतु एकल खिड़की व्यवस्था अथवा नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष गुरूचरण सिंह, जिलाध्यक्ष मानिक चन्द्र, प्रदीप सोनी सहित संघ के अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पोखरी खदान में मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त न होने से जांच में आ रही रूकावट



**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करमपुर रोड स्थित पोखरी खदान क्रमांक 5-6 में गत दिनों एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, लेकिन अज्ञात युवक के शव का शिनाख्त नहीं हो पाने से जांच कार्यवाही में रूकावट आ रही है। ज्ञात हो कि 17 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि करमपुर रोड स्थित पोखरी खदान के गहरे पानी में एक व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और डीडीआरएफ सूरजपुर की सहायता से शव को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। तीसरे दिन 19 जून को काफी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला जा सका था। पुलिस के अनुसार शव अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था, शव को नाइलोन की रस्सी से पत्थर बांधकर पोखरी में डाला गया था, कई दिन गुजर जाने के बाद शव की पहचान कर पाना बेहद कठिन हो गया। थाना क्षेत्र सहित आसपास के गांवों और कस्बों में पतासाजी की गई, लेकिन मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल पुलिस विभिन्न स्तरों पर जांच कर रही है और गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जारी विवरण के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की अनुमानित आयु 25 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। उसकी ऊंचाई लगभग 5 फीट 9 इंच है। मृतक की दोनों हथेलियों में हरे रंग के निशान पाए गए हैं तथा उसके पहने हुए टी-शर्ट पर भी हरे रंग के धब्बे मौजूद हैं। यही विशेष पहचान फिलहाल जांच में महत्वपूर्ण सुराग मानी जा रही है। बिश्रामपुर पुलिस ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि यदि किसी व्यक्ति के परिचित, रिश्तेदार या आसपास का कोई युवक पिछले दिनों से लापता है और उसका हुलिया जारी विवरण से मेल खाता है, तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम थाना या थाना विश्रामपुर को दें। पुलिस का कहना है कि नागरिकों द्वारा दी गई छोटी-सी जानकारी भी मृतक की पहचान और मामले की जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अमर प्रेरणा

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "विश्वास के 12 साल : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद् एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता के सजग प्रहरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी में पूर्व भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रिंग रोड स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और आदर्शों का स्मरण किया। संकल्प भवन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, राष्ट्रीय एकता के लिए उनके संघर्ष और त्यागमय जीवन पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का दृढ़ता से विरोध करते हुए राष्ट्रीय एकात्मता की अलख जगाई। उनका जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनके विचार आज भी देश को दिशा प्रदान कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रचिंतक थे। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को मजबूत आधार प्रदान किया और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। उनका बलिदान देशवासियों को राष्ट्रसेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, डॉ. अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, मधु चौदाहा, विकास पांडेय, मनीष सिंह, जन्मेजय मिश्रा, श्वेता गुप्ता, मयंक जायसवाल, अभय साहू विकास वर्मा रिंकू, अनिल जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

